# विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2022 के प्रथम मंगलवार के लिये निर्धारित डा० मान सिंह यादव, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-7 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 7 (क) क्या कृषि मंत्री बतायेंगे कि प्रयागराज मण्डल के अन्तर्गत कितने किसानों द्वारा प्रधान मंत्री सम्मान निधि के अन्तर्गत मिलने वाली धनराशि को दिये जाने हेतु, कब तक आवेदन किया गया है? | प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत कृषकों के पंजीकरण की प्रक्रिया जनसेवा केन्द्रों/स्वत: कृषकों द्वारा सतत् रूप से करायी जा सकती है। प्रयागराज मण्डल में योजना के प्रारम्भ से अब तक कृषकों द्वारा किये गये पंजीकरण का जनपदवार विवरण निम्नवत् है :-<br>प्रयागराज – 700612<br>प्रतापगढ़ – 604852<br>फतेहपुर – 427340<br>कौशाम्बी – 229966<br>**योग – 1962770** |
| (ख) उक्त का लाभ उनमें से कितने लाभार्थियों को प्राप्त हो रहा है? | प्रयागराज मण्डल में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत आवेदन करने वाले कृषकों में से अब तक 1806010 लाभार्थियों को कम से कम एक किस्त का लाभ प्राप्त हुआ है। तद्क्रम में पोर्टल से प्राप्त जनपदवार लाभार्थी कृषकों का विवरण निम्नवत् है :-<br>प्रयागराज – 647778<br>प्रतापगढ़ – 573096<br>फतेहपुर – 372562<br>कौशाम्बी – 212574<br>**योग – 1806010** |
| (ग) उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता है। |

(सूर्य प्रताप शाही)
कृषि मंत्री।